समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# राज्य सरकार की बड़ी घोषणा : ‘मेरा घर मेरा अधिकार’ योजना के तहत बनेगी 35 लाख सस्ती आवासीय इकाइयाँ, 70,000 करोड़ का निवेश तय।

Publisher

Published on 20 May 2025



## राज्य सरकार का 2035 तक हर नागरिक को पक्का, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल घर देने का लक्ष्य ; सभी वर्गों के लिए अलग-अलग हाउसिंग स्कीम।

**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार ने आम जनता को पक्का घर दिलाने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए ‘**मेरा घर**, **मेरा अधिकार**’ योजना के तहत अगले **5 वर्षों में 35 लाख** सस्ते घरों के निर्माण की घोषणा की है। इसके लिए सरकार **70,000 करोड़** रुपये की बड़ी निवेश योजना लेकर आई है।

**मुख्यमंत्री देवेद्रं फडणवीस** की अध्यक्षता में 20 मई 2025 को हुई कैबिनेट बैठक में यह अहम निर्णय लिया गया। इस योजना के तहत राज्य सरकार का उद्देश्य **2035 तक प्रत्येक नागरिक को स्थायी, सुरक्षित** और **पर्यावरण-अनुकूल** घर मुहैया कराना है।

क्या है योजना की मुख्य बातें:

१. योजना का नाम: **मेरा घर, मेरा अधिकार**

२. कुल निवेश: **₹70,000 करोड़**

३. लक्ष्य: **5 वर्षों में 35 लाख घरों का निर्माण**

४. प्राथमिकता: **झुग्गी पुनर्विकास और नई हाउसिंग परियोजनाएं**

५. फंडिंग: ‘**महाआवास फंड**’ **को 20,000 करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य**

**किसे मिलेगा फायदा ?**

१. यह योजना सभी आय वर्गों को ध्यान में रखकर बनाई गई है:

२. **EWS (अत्यंत गरीब वर्ग)**

३. **LIG (निम्न आय वर्ग)**

४. **MIG (मध्यम आय वर्ग)**

इसके अलावा **वरिष्ठ नागरिक, महिला कर्मचारी, विद्यार्थी,** और **कामकाजी श्रमिकों** को भी इस योजना में शामिल किया गया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि तेजी से बढ़ते **शहरीकरण** और **रियल एस्टेट** की महंगाई को देखते हुए आम आदमी के लिए सस्ते और टिकाऊ घर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.